जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

चूरू

Rashtradoot

फोनः- 256906, 256907, फैक्सः- 01562-256908 वर्षः 16 संख्याः 74 प्रभात चूरू, गुरुवार 11 जुलाई, 2024 पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## दिया कुमारी ने अपने पहले बजट में रोजगार पर फोकस किया

### 5 साल में 4 लाख से ज्यादा नौकरियां देने की घोषणा की

जयपुर, 10 जुलाई (वि.सं.)। भजनलाल सरकार का पहला पूर्ण बजट पेश करते हुए उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने युवाओं, महिलाओं, किसानों के लिए कई बड़ी घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि सरकार इन 5 सालों में 4 लाख से ज्यादा नौकरियां देगी। इस साल 70 हजार की बजाय एक लाख नौकरियाँ दी जायेंगी। उन्होंने कहा कि पंचायत के चुनाव एक साथ कराए जाएंगे, अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग में आने वाले सरकारी कर्मचारियों को सस्ता लोन दिया जाएगा और सैल्फ हैल्प ग्रुप के साथ काम करने वाली महिलाओं को भी सरकार कम ब्याज पर लोन देगी। इसके अलावा राजस्थान के स्कूली छात्र छात्राओं को मेरिट में आने पर टैबलेट और तीन साल के फ्री इंटरनेट देने की भी घोषणा की गई है। सीकर जिले के खाटूश्यामजी मंदिर में कॉरिडोर बनाने के लिये बजट में 100 करोड़ रुपये की घोषणा की गई। यह कॉरिडोर काशी-विश्वनाथ की तर्ज बनाया जायेगा।

बजट में चिकित्सा और पुलिस विभाग में करीब 9 हजार नए पद भी सृजित करने की घोषणा की गई है। शहरी विकास के लिए बजट में 1300 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। भजनलाल सरकार ने इस बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर पर खास फोकस किया है। जलजीवन मिशन में इस साल 15 हजार करोड़ खर्च कर 25 लाख ग्रामीण घरों में नलों से पानी पहुंचाने की योजना है तथा प्रदेश के 5846 अतिरिक्त गांवों तक पानी पहुंचाने के लिए 20 हजार करोड़ से ज्यादा की 6 बड़ी परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। करौली, सवाईमाधोपुर, गंगापुर सिटी के लिए चंबल आधारित



*उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने बुधवार को अपना पहला बजट पेश किया।*

पेयजल परियोजना शुरू करने की घोषणा भी की गई है। ग्रामीण क्षेत्र के साथ शहरी क्षेत्र में पेयजल योजनाओं के लिए अमृत 2.0 योजना के तहत प्रदेश के 183 शहरों में 5 हजार 180 करोड़ के काम होंगे और 127 करोड़ की लागत से 32 वॉटर बॉडीज़ का

- उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बतौर वित्त मंत्री रोजगारोन्मुखी बजट पेश किया, जिसमें इन्फ्रास्ट्रक्चर पर भी विशेष जोर दिया गया, इन्फ्रास्ट्रक्चर सैक्टर भी रोजगार सृजन में अहम् भूमिका निभाता है।
- दिया कुमारी ने बजट में कई बड़ी घोषणाएं कीं, जिनमें पंचायत चुनाव एक साथ कराने, अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के सरकारी कर्मचारियों को सस्ता लोन, मैरिट में आने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप व तीन साल का फ्री इंटरनैट और महिला स्वयं सेवी संस्थाओं को कम ब्याज पर लोन देना प्रमुख हैं।
- दिया कुमारी ने खाटू श्याम जी मंदिर कॉरिडोर निर्माण के लिए 100 करोड़ रू. देने की घोषणा की।

जीर्णोद्धार करवाने और हर विधानसभा क्षेत्र में 20-20 हैंडपंप और 10-10 ट्यूबवैल लगवाने की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## कश्मीर में आतंकियों ने पुलिस चौकी को घेरा

श्रीनगर, 10 जुलाई। जम्मू-कश्मीर के कठुआ में आतंकी हमले के बाद एक और आतंकी वारदात सामने आई है। उधमपुर में आतंकियों ने पुलिस चौकी को घेर लिया है। जम्मू कश्मीर पुलिस के अनुसार, सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच गोलीबारी चल रही है। एस.एस.पी. जोगिंदर सिंह ने बताया कि बसंतगढ़ तहसील की सांग पुलिस चौकी को आतंकियों ने घेर दिया था और गोलीबारी शुरू कर दी थी। हालांकि तुरंत हरकत में आकर सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है।

- कश्मीर के कठुआ जिलें में स्थित इस पुलिस चौकी पर सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरु हो गई है।

स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि रात 8 बजे के आसपास सांग पुलिस चौकी पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया था। जिसके बाद सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। आतंकी जंगल की तरफ भाग गए हैं और उनकी तलाशी के लिए सुरक्षाबलों ने अभियान शुरू कर दिया है। रिपोर्टों के अनुसार, आसपास की सुरक्षा बलों की चौकियों से अतिरिक्त जवानों को मौके पर भेजा गया है। यह क्षेत्र उधमपुर से सड़क मार्ग से 164 किमी और पैदल मार्ग से 28 किमी दूर है।

## थकाने वाले लोकसभा चुनाव व उसके बाद की कठिन राजनीतिक गतिविधियों के बाद राहुल विदेश गये

### पार्टी के सूत्र यह बताने को तैयार नहीं हैं कि राहुल कहां गये हैं और कब विदेश यात्रा से लौटेंगे

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 जुलाई। कांग्रेस पार्टी सूत्रों ने कहा है कि लम्बे तथा कठिन चुनाव प्रचार और सरकार के गठन के बाद, राहुल गांधी विदेश गए हैं।

पार्टी राहुल की विदेश यात्रा और उनके विदेश प्रवास की अवधि के बारे में कुछ भी कहने को तैयार नहीं है। हालांकि ऐसा माना जा रहा है कि वे इंग्लैंड गए हैं तथा एक सप्ताह के अन्दर वापस आ जाएंगे।

महाराष्ट्र चुनाव सन्निकट होने के कारण सारा फोकस इसी पर है और इसी के तहत महाराष्ट्र के वरिष्ठ नेता शरद पवार ने राहुल गांधी को 14 जुलाई को पंढरपुर यात्रा के लिये आमन्त्रित किया है। यह एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसमें लाखों भक्तगण हिस्सा लेते हैं। अगर राहुल तब तक लौट आते हैं तो पंढरपुर पदयात्रा में शामिल हो सकते हैं।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि आमन्त्रण तो राहुल गांधी के पास गया है लेकिन इस आयोजन में शामिल होने या न होने के बारे में उन्होंने कुछ भी नहीं कहा, हालांकि सभी विकल्प खुले हुये हैं।

- पर, आम चर्चाओं के अनुसार, राहुल ब्रिटेन गये हैं और लगभग एक सप्ताह में लौटेंगे।
- दूसरी ओर शरद पवार ने उन्हें पण्ढरपुर यात्रा में भाग लेने के लिये 14 जुलाई को आमंत्रित किया है, पर, अभी स्पष्ट नहीं है कि राहुल इस यात्रा में सम्मिलित होने के लिये समय से लौटेंगे या नहीं।
- शरद पवार को आशा थी कि राहुल इस पदयात्रा में सम्मिलित होंगे, क्योंकि लाखों लोग इस धार्मिक यात्रा में शामिल होते हैं, पूरे महाराष्ट्र से आते हैं।
- बहरहाल, महाराष्ट्र विकास अघाड़ी अलायंस ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिये सीटों के बंटवारे पर बातचीत आरम्भ कर दी है।
- पार्टी में यह चर्चा है कि विदेश यात्रा से लौटकर राहुल पार्टी के पुर्नगठन का काम भी शुरु करेंगे, जिससे सही व उपयुक्त व्यक्ति कांग्रेस की ओर से राज्यों में बागडोर संभालें, जिससे पार्टी आगे बढ़े।

इस बीच, महाराष्ट्र के गठबंधन महाराष्ट्र विकास अघाड़ी के तीनों घटक दलों ने महाराष्ट्र में सीट-शेयरिंग पर चर्चा शुरू कर दी है। भाजपा घोर हताशा का परिचय देते हुए उद्धव ठाकरे को गठबन्धन से तोड़ने की तथा भाजपा के खेमे में लाने की कोशिश कर रही है,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'हर महिला अपने पति से ''मेंटनैंस'' लेने का अधिकार रखती है'

### सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्णय सुनाते समय कहा कि यह अधिकार हर महिला के लिये लागू होगा, चाहे वे किसी धर्म की अनुयायी हो

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 जुलाई। सुप्रीम कोर्ट ने आज एक अभूतपूर्व फैसले में व्यवस्था दी कि कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसिज़र (सी.आर.पी.सी.) की धारा 125 तहत तलाकशुदा मुस्लिम महिला अपने पति से गुज़ारा भत्ता मांग सकती है और निर्वाह राशि मांगने का कानून सभी विवाहित महिलाओं पर लागू है। इसमें धर्म का कोई लेना-देना नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में कहा कि भारतीय पुरूषों के लिए यह जानने का समय आ गया है कि महिला घर को सहेज कर रखने वाली एवं परिवार के लिए त्याग करने वाली शख्स है और उसकी भूमिका अपरिहार्य है।

जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की एक बैंच ने परिवार में पत्नियों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि पति को अपनी पत्नी को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाना जरूरी है।

जस्टिस नागरत्ना ने अपने फैसले में टिप्पणी की कि भारत के विवाहित पुरूष को इस तथ्य के प्रति सावचेत हो जाना चाहिए कि उसे अपनी पत्नी को वित्तीय रूप से सशक्त करना है और आर्थिक सहयोग करना है, जिसके पास आय का कोई स्वतंत्र स्त्रोत नहीं होता।

उन्होंने अपने आदेश में कहा कि वित्तीय सशक्तीकरण से आर्थिक रूप से कमजोर पत्नी की स्थिति परिवार में अधिक सुरक्षित होगी। जो विवाहित

- इस निर्णय के बाद, अब तलाकशुदा मुसलमान महिला भी कानूनन, अपने पति से मेंटनैंस मांगने का हक रखती है।
- सुप्रीम कोर्ट का तर्क था कि महिलायें अपने परिवार चलाने में तथा संतान को बड़ा करने में इतनी मशगूल रहती हैं कि अपना स्वतंत्र करियर व काम करने के विकल्प को नहीं चुन सकतीं। अतः परिवार की देखभाल व परिवार चलाने की उनकी जिम्मेवारी को कम नहीं आंकना चाहिए तथा अगर पति उन्हें तलाक देता है तो उसे उस तलाकशुदा महिला के ''पर्सनल खर्चों'' के लिये प्रावधान करना कानूनन जरूरी है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## उन्नाव में ट्रक ने बस को टक्कर मारी,18 मरे

उन्नाव, 10 जुलाई (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में उन्नाव जिले के बेहटा मुजावर क्षेत्र में बुधवार भोर ट्रक और प्राइवेट बस की भिड़ंत में 18 लोगों की मृत्यु हो गयी जबकि 19 अन्य घायल हो गये।

जिलाधिकारी गौरांठी राठी ने बताया कि आज सुबह करीब सवा पांच बजे आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार निजी बस और दूध के टैंकर में टक्कर हो गयी। इस हादसे में 18 लोगों की मृत्यु हो गयी है जबकि 19 अन्य गंभीर रुप से घायल हैं जिनका इलाज चल रहा है। उन्होने बताया कि प्रथम दृष्टया बस की रफ्तार को हादसे का कारक बताया गया है हालांकि हादसे के कारणों का पता लगाया जायेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है।

- यह दुर्घटना लखनऊ एक्सप्रेसवे पर हुई, तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से बस को टक्कर मार दी जिससे बस पलट गई, हादसे में 19 अन्य घायल हुये हैं।

## भाजपा का नया अध्यक्ष बनाने में क्यों इतना हिचकिचा रही है पार्टी?

### नड्डा का कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो गया था, पर, नया अध्यक्ष बनाने की कोई सुगसुबाहट नहीं दिख रही पार्टी में

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 जुलाई। भाजपा तकनीकी रूप से एक नेतृत्व विहीन पार्टी बन गई है, क्योंकि जे.पी. नड्डा, जिन्हें कार्यकाल विस्तार दिया गया था, का कार्यकाल 30 जून को खत्म हो चुका है। भाजपा अध्यक्ष के रूप में उनका कार्यकाल समाप्त हो जाने के बाद भी उन्होंने जो निर्णय लिए हैं, उस पर सवाल उठाए जा सकते हैं।

अपने कार्यकाल की समाप्ति के पाँच दिन बाद,, नड्डा ने 23 राज्यों के प्रभारियों तथा सह-प्रभारियों, तथा पूर्वोत्तर के राज्यों के समन्वयक तथा संयुक्त समन्वयकों की नियुक्तियों की भी घोषणा की तथा 9 जुलाई को उन्होंने हरियाणा में पार्टी विधायक मोहन लाल बाडोली को राज्य का भाजपा अध्यक्ष नियुक्त कर दिया। बाडोली की नियुक्ति से पहले राज्य भाजपा अध्यक्ष का पद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पास ही था तथा इस प्रकार, उस समय तक उनके पास दोनों पद थे। ऐसे आरोप लगाये गये हैं कि इस प्रकार के मामलों में उचित तथा आवश्यक प्रक्रिया नहीं अपनाई गई हैं।

23 जनवरी को उनका कार्यकाल समाप्त होने के बाद भाजपा द्वारा नड्डा की जगह नए अध्यक्ष के नाम की घोषणा नहीं किये जाने के बाद असन्तुष्ट पार्टी नेता डॉ. सुब्रमन्यम स्वामी ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी कि पार्टी में ''आन्तरिक चुनावों'' का अभाव है तथा नड्डा को ''अवैध सेवा-विस्तार'' दिया गया है। इसके दो सप्ताह के अन्दर ही, भाजपा ने पार्टी संविधान

- नड्डा का पहला कार्यकाल 23 जनवरी को पूरा हो गया था, पर, तब भी नये अध्यक्ष की नियुक्ति की घोषणा नहीं हुई थी, तो सुब्रामण्यम स्वामी ने चुनाव आयोग के समक्ष शिकायत की थी कि भाजपा में ''इंटरनल डैमोक्रेसी'' का अभाव है।
- स्वामी ने जब शिकायत की उसी सप्ताह में भाजपा ने अपने संविधान में संशोधन किया कि पार्टी का पार्लियामैंटरी बोर्ड अगर आवश्यक समझे तो पार्टी अध्यक्ष का कार्यकाल बढ़ा सकता है और तब नड्डा का कार्यकाल छः माह के लिये बढ़ाया था संसदीय बोर्ड ने।
- पर, अब तक नये अध्यक्ष की नियुक्ति की कोई घोषणा नहीं हुई है।
- आर.एस.एस., नड्डा के उत्तराधिकारी की नियुक्ति में भारी रूचि ले रहा है, क्योंकि नड्डा के इस वक्तव्य से कि आर.एस.एस. एक सांस्कृतिक संस्था है और उसे इस भूमिका तक ही सीमित रहना चाहिये तथा भाजपा को आर.एस.एस. की मदद की कोई आवश्यकता नहीं है, आर.एस.एस. काफी अप्रसन्न है तथा नए अध्यक्ष की नियुक्ति का इंतज़ार कर रही है। क्या, नये अध्यक्ष की नियुक्ति कर भाजपा अपने कार्य में अपनी स्वतंत्रता दिखाने की कोशिश में है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'विमानों जैसी सुविधायें बसों में मिलेंगीं'

नई दिल्ली 10 जुलाई। केंद्रीय सड़क-परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि भारत में जल्द ही ऐसी बसें चलने लगेंगी, जिसमें चाय-कॉपी और नाश्ता मिलेगा यानी बस में वह हर सुविधा मुहैया होगी, जो विमानों में मिलती है और इन बसों में

- केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि भारत में जल्द ही ऐसी बसें चलने लगेंगी, जिसमें चाय-कॉपी और नाश्ता मिलेगा यानी बस में वह हर सुविधा मुहैया होगी, जो विमानों में मिलती है।

किराया मौजूदा समय में डीजल से चलने वाली बसों के किराये से न्यूनत 30 प्रतिशत कम होगा।

गडकरी ने कहा कि यूरोप में 18 और 24 मीटर की बसे चलती हैं और बसें मेट्रो की तरह की तरह की होती हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'बजट की हर घोषणा पूरी होगी, अब डबल इंजन की सरकार है'

### मुख्यमंत्री भजनलाल ने बजट की घोषणाएं पूरी होने के संबंध के पूछे गए सवाल पर कहा

जयपुर, 10 जुलाई (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दावा किया है कि समयबद्ध रूप से बजट की घोषणाओं को पूरा किया जाएगा और आमजन की सुविधाओं के लिए सरकार कड़े निर्णय लेने से भी नहीं हिचकेगी। विधानसभा में बजट पेश होने के बाद आयोजित प्रेसवार्ता में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में अब डबल इंजन की सरकार है और इनके सहारे ही राज्य के विकास को पटरी पर तेजी से दौड़ाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारें आती हैं बजट पेश करती हैं, लेकिन हमने बजट के साथ विज़न भी पेश किया है। इस बजट में बताया गया है कि 2047 में प्रदेश का विकास कैसा होगा? हमारी सरकार बिजली पानी के लिए कटिबद्ध है। इसके साथ-साथ किसान युवा, महिला और औद्योगिक विकास का ध्यान रखा है। प्रदेश की आठ करोड़ जनता को पूरा-पूरा लाभ हम दें, जनता की आशाओं को पूरा करने का जो वादा हमने किया, उस दिशा में हम बढ़ रहे हैं। हमारी सरकार संकल्प पत्र के एक-एक वादे को पूरा करेगी। हमने चार लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का वादा किया है, इस साल एक लाख युवाओं को नौकरी देंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में युवाओं की भागीदारी पर फोकस रखा गया है। पिछली सरकार में लोगों के साथ धोखा हुआ। श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम से योजना में 500 करोड़ दिए जाएंगे वहीं औद्योगिक विकास के लिए 6 औद्योगिक क्षेत्रों का विकास किया जाएगा। दिल्ली-जयपुर के बीच औद्योगिक क्षेत्र का विकास होगा। सुशासन हमारी पहली प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने दीया कुमारी को धन्यवाद दिया कि उन्होंने 3 घंटे तक बजट को सदन में बहुत अच्छे तरीके से रखा। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा भी मौजूद थे।

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की ओर से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




*बजट पेश होने के बाद मु. मंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सरकारें आती हैं बजट पेश करती हैं, लेकिन हमने बजट के साथ विजन भी पेश किया है। बजट में सरकार का विजन भी होना चाहिए।*

- मुख्यमंत्री ने कहा, सरकारें आती हैं, बजट पेश करती हैं, पर, हमने बजट में विज़न भी पेश किया है और हमारा विज़न 2047 तक का है।
- मुख्यमंत्री बोले कि पिछली सरकार में लोगों के साथ धोखा हुआ, पर हमारी कोशिश है कि प्रदेश की 8 करोड़ आबादी को पूरा लाभ दें। हमने चार लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का वादा किया है और एक लाख नौकरियां तो इसी वर्ष दे दी जाएंगी।
- मुख्यमंत्री भजनलाल ने बजट पेश करने के लिए उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दिया कुमारी को धन्यवाद दिया।
- पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में बने नए जिलों को लेकर कोई घोषणा नहीं करने के संबंध में पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा, एक जिला बनाने पर 3,000 करोड़ रूपए खर्च आता है। पूर्व सरकार ने बिना बजट के ही नए जिलों की घोषणा कर दी।

## तमिलनाडू में एक और शराब काण्ड

चेन्नई, 10 जुलाई (वार्ता)। तमिलनाडु में विक्रावंडी के पुरीकुडीसाई गांव में बुधवार को पुडुचेरी से तस्करी कर लाई गई शराब का सेवन करने वाले सात लोगों को उल्टी और चक्कर आने की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया।यहां विधानसभा उपचुनाव के लिए आज मतदान हो रहा है।

- पुड्डुचेरी से तस्करी करके तमिलनाडु लाई गई शराब पीने के बाद सात लोगों की तबीयत बिगड़ गई, जिन्हें गम्भीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीमार लोगों में से पांच को मुंडियांबक्कम के सरकारी विल्लुपुरम मेडिकल कॉलेज अस्पताल (जीवीएमसीएच) में इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

टेलीविजन रिपोर्ट्स के मुताबिक, शराब के पाउच बेचने वाले शख्स की पहचान प्रभु के रूप में की गयी है।